THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI MALLIKARJUN): (a) Yes, Sir.

(b) A fact finding enquiry was conducted by senior scale officers of Asansol Division.

(c) Yes, Sir.

(d) Some other cases of overloading have also been detected.

(e) Penal freight has been levied on the consignee.

अहमदनगर और परली के बीच रेल-मार्ग

1112. **डा० बापू कालदाते :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि अहमदनगर और परली के बीच रेल-मार्ग की मांग पिछले काफी वर्षों से लंबित है ;

(ख) यदि हां, तो क्या इस संबंध में कोई अंतिम निर्णय ले लिया गया है ; और

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन): (क) जी हां (ख) और (ग) अहमदनगर बीर-पर्ली बैजनाथ नई बडी लाइन के लिए 1990 में सर्वेक्षण किया गया था । 274 कि० मी० लम्बी नई बड़ी लाइन के निर्माण पर 197 करोड़ रुपए की लागत आने का अनुमान लगाया गया है । और प्रतिफल की दर एक प्रतिशत से कम होने का अनुमान है चूंकि सर्वेक्षण के अनुसार, यातायात की संभावनायें अपर्याप्त रहेंगी इसलिए इस कार्य को शुरू करने का प्रस्ताव नहीं है ।

Metre Gauge train between Dibrugarh and Guwahati

1113. DR. NAGEN SAIKIA: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(b) what is the distance from Guwahati to Dibrugarh through the Railway track;

(b) the time the Metre Gauge train takes to reach Dibrugarh from Guwatati;

(c) whether it is a single track line; and

(d) if so, whether Government are considering any proposal to make this line a double track one?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI MALLIKARJUN): (a) 561 Kms.

(b) 19 hrs. 15 mts. by 5905 Kamrup Express and 17 hrs. 50 mts. by 5907 Brahmaputra Mail.

(c) Yes, Sir.

(d) No. Sir.

हावड़ा राजधानी एक्सप्रेस का इलाहाबाद स्टेशन पर ठहराव

1114. **श्री सत्यप्रकाश मालवीय :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :

(क) उन स्टेशनों के नाम क्या हैं जहां 2301/2302 हावड़ा राजधानी एक्सप्रेस 31 जनवरी, 1992 तक रुकती थी ;

(ख) इलाहाबाद स्टेशन पर इस गाड़ी का ठहराव किस तारीख से आरम्भ किया गया था ;

(ग) क्या इलाहाबाद स्टेशन पर इस गाड़ी का ठहराव समाप्त कर दिया गया है और यदि हां, तो कब से ; और

(घ) इलाहाबाद स्टेशन पर इस रेल गाड़ी का ठहराव आरम्भ करने और बाद में इस ठहराव को समाप्त करने के क्या कारण थे ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) कानपुर, इलाहाबाद' मुगलसराय और धनबाद ।

(ख) 16-3-1991 ।

(ग) 21/22-3-1992 से इलाहाबाद स्टेशन पर राजधानी एक्सप्रेस का ठहराव समाप्त किया जा रहा है ।

(घ) जनता की पुरजोर मांग पर इस ठहराव की व्यवस्था की गयी थी और कम लोकप्रिय होने के कारण इसे समाप्त किया जा रहा है ।

Raiway bridge in Andhra Pradesh

1115. DR. NARREDDY THULASI REDDY: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) what is the number of railway bridges in Andhra Pradesh;

(b) the number of railway bridges which have outlived their span of life; and

(c) what action Government propose to take in this regard?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI MALLIKARJUN): (a) 13,607 nos.

(b) and (c) 14 bridges have been identified for rebuilding.

गंगापुर सिटी स्टेशन पर कार्यरत रेल कर्मचारी

1116. **डा० अबरार अहमद :**
चौधरी हरि सिंह :

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान प्रत्येक वर्ष की 31 मार्च को दिल्ली-मुम्बई बड़ी लाइन पर स्थित गंगापुर सिटी रेलवे स्टेशन पर कार्यरत और वहीं रहने वाले रेल कर्मचारियों की संख्या कितनी है ;

(ख) क्या यह सच है कि वहां रेल कर्मचारियों की संख्या लगातार कम होती जा रही है ।

(ग) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ;

(घ) उन रेलवे कार्यालयों, कार्यशालाओं, शेडों, कारखानों, लोको इत्यादि के नाम क्या हैं जो उक्त अवधि के दौरान वहां कार्य कर रहे थे और इन्हें किन-किन तारीखों से वहां से स्थानान्तरित किया गया और इसके कारण क्या थे ; और

(ङ) क्या यह सच है कि गंगापुर सिटी रेलवे स्टेशन और इसके आसपास रेलवे के 500 करोड़ रुपये मूल्य के मकान/क्वार्टर, शेड तथा अन्य सुविधाओं को इस्तेमाल में नहीं लाया जा रहा है यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) से (ङ) सूचना इकट्ठी की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जायेगी ।

Suburban train services in Bombay

1117. SHRI SURESH KALMADI:
SHRI BHUBNESWAR KALITA:

Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that a plan has been drawn up to revolutionalize the suburban train services in Bombay in view of the ever increasing transport needs of the city; and

(b) if so, what are the details of the plan?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI MALLIKARJUN): (a) and (b) Improvement in Bombay suburban train services is a continuous process. Statement containing details of major works in progress is attached.